।। कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग,गोपेष्वर।।

Email-dfo_badrinath_uta@yahoo.co.in Phone no-01372–252175

पत्रांक 5091/12-1 ,गोपेश्वर, दिनांक 13/05/ 2022।

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, गौचर

विषयः– जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत राज्य योजना में डिम्मर–सुमल्टा मोटर मार्ग के किमी0 06 से ग्राम कोलाडुंग्री तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य।

संदर्भः– वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड पौड़ी की पत्र सं0 2537/12–1 दिनांक 05.05.2022.

महोदय,

वन संरक्षक, गढ़वाल वृत्त, उत्तराखण्ड पौडी का उपरोक्त संदर्भित पत्र जो इस कार्यालय को सम्बोधित एवं आपको पृष्ठांकित है से अवगत कराया है कि विषयकित प्रकरण में भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून द्वारा चाही गई तीन बिन्दुओ की आख्या प्रेपित की गयी है। जिसमें भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा बिन्दु सं0 02 में वैकल्पिक संरेखण प्रस्तावित मोटर मार्ग के समान्तर लिया गया है। जिसको निकटतम मौजूदा सड़क से लिये जाने तथा अपलोड करने हेतु लिखा गया है। से सम्बन्धित सूचना चाही गयी, परन्तु ऐसा न करते हुए भ्रामक सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है। भारत सरकार एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून की अपेक्षानुसार वैकल्पिक संरेखण का विवरण अपलोड करने हेतु लिखा गया है। आपको यह भी अवगत कराना है कि भारत सरकार से प्रस्ताव में मांगे जा रही सूचना आधी–अधूरी सूचना इस कार्यालय को प्रेषित न करे, जिससे वन भूमि हस्तान्तरण प्रक्रिया में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है।

अतः आप प्रस्ताव का सही से परीक्षण कर उपरोक्त कमियों का निराकरण कर प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करे, जिससे प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

निर्गमनार्थ प्राधिकृत
(हस्ताक्षर)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर

प्रभागीय वनाधिकारी,
बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर

Scanned with CamScanner